हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

11 कूड़ा डालने वालों के खिलाफ चलाया जाएगा

12 पूर्वांचलवासियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर खोला उपवास, मांगी मन्नतें


## खबर संक्षेप

### युवा महोत्सव के लिए पांच नवंबर तक होंगे पंजीकरण

**चरखी दादरी।** युवाओं की कलात्मक प्रतिभा को मूर्त रूप देने के लिए 6 व 7 नवंबर को जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जनता कालेज के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य तथा गरिमापूर्ण रूप से मनाने तथा आयोजन में जिला के अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

### कष्ट निवारण एवं परिवेदना समिति की बैठक आज

**चरखी दादरी।** चरखी दादरी वीरवार को सुबह 9 बजे जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का आयोजन सुबह 9 बजे लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित सभागार में किया जाएगा। बैठक के दौरान समिति के समक्ष आई शिकायतों को सुनते हुए उनके तुरंत निपटान का प्रयास किया जाएगा।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 30 को

**भिवानी।** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रांगण में 30 अक्टूबर को प्रात 10 बजे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन जाएगा, जिसमें इंजीनियरिंग /नॉन इंजीनियरिंग व्यवसायों के आईटीआई पास अभ्यार्थी कैंपस प्लेसमेंट में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

### श्रीराधा कृष्णा गोशाला कादमा वार्षिकोत्सव 30 को

**बाढ़ड़ा।** गोपाष्टमी पर्व पर गांव कादमा की प्रसिद्ध श्रीराधा कृष्णा गोशाला कादमा का वार्षिकोत्सव 30 अक्टूबर को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद धर्मबीर सिंह व अध्यक्षता विधायक उमेद पातुवास करेंगे।

### डालमिया बगीची में अन्नकूट प्रसाद का आयोजन

**भिवानी।** आजाद नगर स्थित डालमिया बगीची में मंगलवार को समाजसेवी जयकिशन शर्मा के द्वारा अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया गया। प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे सभी नागरिकों का जयकिशन शर्मा ने स्वागत किया। जयकिशन शर्मा ने बताया कि यहां सर्व समाज के लोगों ने मिलकर धार्मिक आयोजन को संपन्न कराया। हर साल डालमिया बगीची मे अन्नकूट का भंडारा लगाया जाता है। अन्नकूट प्रसाद के लिए बनाया जाने वाला पंचमेवा का व्यंजन लोगों को काफी रास आता है,जिसकी तारीफ आस-पास के लोग करते हैं।

## नागरिकों की समस्या को देखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष गुलिया मौके पर पहुंचे, जताया रोष

### हांसी रोड को किया जाम

# तीन माह से दूषित पेजयल सप्लाई की समस्या झेल रहे विजय नगरवासियों का फूटा गुस्सा

**नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने से मुंह मोड़ रही भाजपा सरकार: जोगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी






**हांसी ।** रोड पर जाम लगाकर रोष जताते विजय नगरवासी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया व अन्य। जाम स्थल पर प्रदीप गुलिया व अन्य लोगों से बातचीत करते पुलिसकर्मी।

एक तरफ मौसमी बुखार अपने पैर पसार रहा है, वहीं पिछले कई दिनों से भिवानी शहर में दूषित पेयजल की समस्या गहराई हुई है, जिसकारण नागरिकों की परेशानियां बढ़ रही है। दूषित पेयजल सप्लाई के कारण नागरिक बीमारियां का शिकार हो रहे है। इस समस्या को लेकर अनेक बार प्रशासनिक व संबंधित विभाग के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया जा चुका, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। पिछले कई दिनों से दूषित पेयजल की समस्या से परेशान विजय नगर निवासियों का गुस्सा फूटा पड़ा तथा उन्होंने मंगलवार को हांसी रोड पर जाम लगाकर रोष जताया।

कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि पूरे शहर में लगातार दूषित पेयजल की सप्लाई हो रही है, जिसके विरोध में नागरिक समय-समय पर मांग भी उठाते है, लेकिन सरकार, प्रशासन व संबंधित विभाग नागरिकों की समस्याओं को पूरी तरह से नजरअंदाज किए हुए है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन का दायित्व है कि वह नागरिकों को पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाएं, लेकिन सरकार व प्रशासन अपने दायित्व से मुंह फेरे बैठी है, जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है। जोगी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को चाहिए कि वे मौके पर जाकर मुआयना करें, ताकि समस्या का समाधान निकालें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पूरी तरह से असंवेदनशील सरकार है, जिसको आमजन के हित व समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है।

### समस्या का समाधान न होने पर करेंगे प्रर्दश

इस दौरान नागरिकों की समस्या को देखते हुए कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी के नेतृत्व में कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे तथा नारेबाजी कर सरकार व जिला प्रशासन को चेताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही नागरिकों की पेयजल संबंधी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस बड़े स्तर पर प्रर्दशन करने को मजबूर होंगी। प्रर्दशन को देखते हुए संबंधित विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंचे तथा दो दिन में समस्या का समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद क्षेत्रवासियों का गुस्सा शांत हुआ।

### ये रहे मौजूद

विजय नगर निवासी आनंद सांगवान, डॉ. अजीत गुलिया, सुधीर रोहिल्ला, अभिमन्यु व सुनील आदि ने बताया कि हांसी रोड व विजय नगर में बदबूदार पानी की सप्लाई होती है, जिसके समाधान की मांग वे पिछले तीन माह से लगातार कर रहे है, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। इस मौके पर संजय गांधी, ईश्वर मान, सुरेश प्रजापत, शिवकुमार चांगिया, विरेंद्र बापोड़ा, चांद पंघाल, तोलाराम शर्मा, तेजपाल परमार, महेंद्र यादव, शिवकुमार धानक, श्यामलाल चारण, सुनील कुमार, दिनेश धनखड़, मुकेश सैनी, प्रभात अग्रवाल, विजय शर्मा, स्वाति शर्मा, अरूण अरोड़ा आदि मौजूद रहे।




## दूषित पेयजल के विरोध में लोगों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय का किया घेराव

**भिवानी।** जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में विद्या नगर व कीर्ति नगर के अनेक पुरुषों व महिलाओं ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया तथा वहां जमकर बवाल काटा। उन्होंने बताया कि वे पिछले एक सप्ताह से कालोनियों में दूषित पेयजल की समस्या से परेशान हैं और अनेक बार शिकायत के बावजूद कोई समाधान नहीं किया जा रहा। आक्रोशित महिला व पुरुषों ने कार्यालय के बाहर जमकर बवाल काटा और राज्य सरकार, जनप्रतिनिधियों व विभाग के आला अफसरों की लापरवाही के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उल्लेखनीय हैं कि विद्या नगर, कीर्ति नगर, जगत कालोनी व डीसी कालोनीवासी पिछले कई दिनों से शुद्ध पेयजल सप्लाई की मांग को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त समाधान शिविर में भी अपनी शिकायतें दर्ज करवाई, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हैं, कोई समाधान करने को आगे नहीं आया हैं। जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश, पूर्व जेल अधीक्षक राजेंद्र सिंह सिवाच, दिलबाग सिंह ग्रेवाल, पूर्व शिक्षा बोर्ड डिप्टी सचिव एसपी सिंह व हरबंसलाल कुकडेजा ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक सप्ताह से पीने का पानी नहीं आ रहा, महिला व पुरुष तंग होकर बाहर निकले है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी घोर लापरवाही व नागरिकों की उपेक्षा कर रहे है। इसी तरह डीसी कालोनी वासियों के टैंक की पिछले 25 वर्षों से सफाई नहीं हुई है, वे गंदा पानी पीने पर मजबूर हैं।

**फैसला वापस लेने की मांग**

## ह्यूमन राइट एंटी करप्शन काउंसिल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और चिरायु हरियाणा योजना के लाभार्थियों के लिए एक बड़ा फैसला लेते हुए 11 गंभीर बीमारियों के इलाज को प्राइवेट अस्पतालों से हटाकर अब केवल सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित कर दिया है। हरियाणा के स्वास्थ्य सचिव सुधीर राजपाल की ओर से जारी नए आदेशों से अब गरीब मरीजों को कूल्हा बदलना और घुटना बदलने जैसे महंगे ऑपरेशन के लिए निजी अस्पतालों की सुविधा नहीं मिलेगी और उन्हें सरकारी अस्पतालों का रुख करना पड़ेगा।

**11 गंभीर बीमारियों के इलाज को निजी से हटाकर सरकारी अस्पतालों के लिए किया आरक्षित**

### 11 बीमारियों को इलाज प्राईवेट में किया बंद

ह्यूमन राइट एंटी करप्शन कौंसिल के चेयरमैन एडवोकेट शिवकुमार बेडवाल और सचिव एडवोकेट अजय सभ्रवाल ने निर्णय को गरीबों के साथ अन्याय बताया है। उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी मांगपत्र भेजा। उन्होंने ज्ञापन मे बताया कि 11 बीमारियों का इलाज प्राइवेट अस्पतालों में बंद कर दिया है, जिनमें कूल्हा बदलना, घुटना बदलना, हरनिया रिपेयर, कान का पर्दा ठीक करना, अपेंडिक्स का ऑपरेशन, टोंसिल का इलाज, गले का लग जाना, बवासीर का इलाज, अंडकोष में पानी का भर जाना, यूरिनल खतना है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय से राज्य के उन गरीब मरीजों पर सीधा असर पड़ेगा, जो इन योजनाओं के तहत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में इलाज करवा रहे थे।

## बाजरे की नहीं हो रही खरीद, डीएपी के लिए लाइन में लगे किसान: सविता



किसानों से मुलाकात करती हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व महासचिव सविता मान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व महासचिव सविता मान ने कहा कि अबकी बार प्रकृति के साथ-साथ हरियाणा सरकार की भी किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। किसानों का बाजरा सरकार द्वारा खरीदा नहीं जा रहा है वहीं डीएपी खाद की किल्लत ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। किसानों को सुबह चार बजे उठकर डीएपी के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है। इसके बाद भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। पुलिस की निगरानी में डीएपी खाद का वितरण हो रहा हैं, ये बात जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से चर्चा करते हुए पूर्व प्रदेश महासचिव सविता मान ने कही।

### बाजरे की उपज का सही मूल्य नहीं मिला

*सविता मान ने कहा कि किसानों द्वारा बोया गया बाजरा घाटे का सौदा रहा है। किसानों को बाजरे की उपज का सही मूल्य नहीं मिला। सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का बाजरा नहीं बिका। जिसके कारण किसान परेशान हैं। भावांतर भरपाई के बाद भी किसान घाटे में रहेंगे।*

### बारिश के कारण बाजने की फसल हुई खराब

*सविता मान ने कहा कि इस बार क्षेत्र में लगातार बारिश हुई। सितंबर के अंत तक तथा बाजरे की कटाई के समय तक बारिश जारी रही थी, जिसकारण किसानों की बाजरे की फसल खराब हो गई। इसकी वजह से बाजरे का दाना काला पड़ गया और नमी भी ज्यादा रही, जिसकारण सरकारी खरीद एजेंसियों ने बाजरे की खरीद बंद कर दी। सविता मान ने कहा कि बाजरे की एमएसपी 2775 रुपये है, इनमें 2200 एमएसपी तथा 575 रुपये भावांतर भरपाई के शामिल हैं, जबकि किसानों का बाजरा 1600 से 1800 रुपये के बीच ही बिक रहा है और उन्हें 800 रुपये से एक हजार रुपए तक घाटा हो रहा हैं। सविता मान ने सवाल उठाया कि खाद वितरण के लिए पुलिस की आवश्यकता क्यों पड़ रही है।उन्होंने कहा कि हांसी में तो एक खरीद केंद्र पर किसानों को टोकन के बजाय उनके हाथों पर मोहर लगाई जा रही थी, ताकि वे दोबारा लाइन में न लग सकें।*

## किसान पराली को जलाने की बजाय पावर प्लाटों में बेच कर करें आमदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल प्रबंधन के चलते किसानों को पराली नही जलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते कृषि वैज्ञानिकों ने गांव दिनोद स्थित जैम्को एनर्जी बॉयोमास पावर प्लांट का दौरा किया ताकि अधिक से अधिक किसानों की आय में बढ़ोतरी की जा सके। पावर प्लांट दौरा के दौरान सहायक कृषि अभियन्ता नसीब सिंह धनखड़ ने बताया कि जिले में सात खंडों में से मुख्यतयः दो खण्डों भिवानी व बवानी खेड़ा में किसानों द्वारा धान की खेती की जाती है और अन्य पांच खण्डो में किसानों की पराली की मांग रहती है। भिवानी जिले में वर्ष 2025-26 में 14362 किसानों द्वारा 71173 एकड़ मे धान की फसल का ऑनलाईन पंजीकरण करवाया है। किसानों द्वारा पराली का प्रबन्धन विभिन्न विकल्पों से जैसे इन-सीटू,एक्स-सीटू और फोल्डर के रूप में करने का चुनाव किया है।

- कृषि वैज्ञानिकों ने किया जैम्को एनर्जी बॉयोमास पावर प्लांट का दौरा

### पराली खरीद की समक्षा की

सहायक कृषि अभियन्ता नसीब सिंह धनखड़ व कृषि विकास अधिकारी (एफ.आई) तरूण कुमार ने मंगलवार को गांव दिनोद में स्थापित जैम्को एनर्जी बॉयोमास पावर प्लांट का दौरा किया और प्रबन्धक नरेन्द्र पानू से मुलाकात पराली खरीद पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पावर प्लांट में सालाना लगभग 50000 मीट्रिक टन पराली की आवश्यकता होती है। भिवानी जिले में इतनी पराली उन्हे नही मिल पाती इसलिए वो अन्य जिलों से भी पराली की खरीद करते है। पराली 250 से 300 रूपए प्रति क्विटंल के हिसाब से किसानों से खरीदी जा रही है।

### एप से खेतों का किया सत्यापन

डीसी द्वारा गांव स्तर पर नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों द्वारा सीआरएम मोबाईल एप के माध्यम से किसानों के खेतों में जाकर प्रत्येक खेत का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन उपरान्त कृषि निदेशालय द्वारा किसानों के खातों मे 1200 रूपए प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि जारी की जाएगी। इस दौरान उन्होंने किसानों का आह्वांन किया है कि वे फसल अवशेष प्रबन्धन कृषि यन्त्रों का प्रयोग करके पराली का प्रबन्धन करें और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न किसान हितैषी स्कीमों का लाभ उठाए।

## पराली जलाने वाले किसानों पर लगाया जाएगा जुर्माना, सरकारी रेट पर नहीं बिकेगी फसल

- फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत 1200 रुपये प्रति एकड़ : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जिले के किसानों से फसल अवशेष न जलाने का आह्वान किया और कहा कि किसान सरकार की फसल अवशेष प्रबंधन योजना का लाभ उठा सकते हैं, जिसके तहत किसानों को प्रति एकड़ 1200 रूपए का लाभ मिल सकता है।उन्होंने कहा कि जिला में धान की कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। धान की कटाई उपरान्त किसान जाने अनजाने में बचे हुए अवशेषों में आग लगा देते हैं, जिसकारण भूमि के स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है व आम जन को भी सांस संबधित गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। फसल अवशेष जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति खत्म होती है, जो मित्र कीट उपलब्ध होते हैं उनका नाश हो जाता है।

### पराली जलाने वाले किसानों पर होगी कार्रवाई

सरकार की हिदायतों के अनुसार यदि कोई किसान फसल अवशेषों में आग लगाता हैं तो उस पर तीन तरह की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसमें एफआईआर दर्ज करवाना, 5 हजार से 30 हजार रुपये तक का जुर्माना व मेरी फसल मेरा ब्यौरा में रेड एंट्री करने का प्रावधान हैं। यदि कोई किसान 2 एकड़ भूमि आग लगाता है, तो उसपर 5 हजार रुपये, 2 से पांच एकड़ तक 10 हजार रुपये और 5 एकड़ से अधिक 30 हजार रुपये जुर्माना लगाने का प्रावधान है। वे किसान अगले 2 सीजन तक अपनी फसल मंडी में एमएसपी पर नहीं बेच पाएगा। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को फसल अवशेषों में आगजनी करने के कारण होने वाले नुकसान के बारे ग्राम स्तर पर नुक्कड़ सभा व किसान शिविर लगाकर जागरूक करें ताकि किसान फसल अवशेषों में आग न लगाए और 24 घंटे निगरानी रखें।

**वन नेशन-वन इलेक्शन चुनाव प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ लागत को भी करेगा कम**

## एक देश-एक चुनाव के समर्थन में संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

- सामाजिक संगठनों ने इस महत्वपूर्ण सुधार के समर्थन में आवाज बुलंद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** एक देश एक चुनाव को लेकर मांगपत्र सौंपते सामाजिक संगठन के सदस्य।


देश में एक देश-एक चुनाव की अवधारणा को लागू करने की बढ़ती बहस के बीच विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस महत्वपूर्ण सुधार के समर्थन में आवाज बुलंद की है। मंगलवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भिवानी के उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें जिला की विभिन्न पंचायतों और संस्थाओं द्वारा पारित किए गए एक देश-एक चुनाव के समर्थन वाले प्रस्ताव शामिल हैं। उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन का मुख्य विषय इन प्रस्तावों को राष्ट्रपति तक पहुंचाना है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि स्थानीय पंचायतों और संस्थाओं ने सर्वसम्मति से चुनावी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और लागत प्रभावी बनाने के लिए यह पहल की है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि यह कदम देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### वन नेशन-वन इलेक्शन लागू होने से सरकारी धन की होगी बचत

वीरेंद्र कौशिक ने बताया कि जिले की विभिन्न पंचायतों और संस्थाओं द्वारा सर्वसम्मति से एक देश-एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सरल बनाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और लागत को प्रभावी रूप से कम करना। कौशिक ने कहा कि उनका मानना है कि वन नेशन-वन इलेक्शन लागू होने से सरकारी धन की भारी बचत होगी, विकास कार्यों की गति बढ़ेगी और देश की प्रशासनिक ऊर्जा सही मायनों में जनसेवा में लग पाएगी।


### बार-बार होने वाले चुनावों से देश की अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ पड़ता है

भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से देश की अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ पड़ता है, आचार संहिता के कारण विकास कार्य बाधित होते हैं, और प्रशासनिक मशीनरी का अधिकांश समय चुनाव प्रबंधन में लग जाता है। इस अवसर पर जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, एक राष्ट्र-एक चुनाव जिला संयोजक नवीन कुमार गुप्ता, प्रभारी डा. विनोद अंचल, प्रदेश सदस्य अनिल शर्मा, जिला सह संयोजक राजेश जांगड़ा, सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं से पवन राणीसतिया, राजेश चांगिया, कपिल शर्मा, ललित गोयल, सुनील भारद्वाज नंद किशोर अग्रवाल, शिवराज बागड़ी, सोनू सैनी, धर्मेंद्र धारेड़ू, अंकित पालुवास, प्रदीप प्रजापति, सुनील शर्मा, अशोक यादव, सुनील शर्मा, सुरेश शर्मा रिवासा, मा. मान सिंह, ओमप्रकाश, रामकिशन शर्मा, एडवोकेट हर्षवर्धन, एडवोकेट शंकर शर्मा, पवन सरपंच छपार, विजय तंवर तोशाम, शैंकी तोशाम, शुभम शर्मा, राज शर्मा बापोड़ा, सुनील सांगवान मंडल अध्यक्ष बहल, सतीश प्रजापत मंडल अध्यक्ष कैरू,विनोद कौशिक बड़ाला, पवन शर्मा तोशाम, यश कुमार, संदीप जुई, संजीव, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकता व अन्य संगठन प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।



लाइफ Style

# सोनम

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



# ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



# शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक


**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



# पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



# बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।'बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

## फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।



# नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।



# लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



## रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा'ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इट: वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट'की नई किस्त 'इट: वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर'का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### आधार किटों की संख्या बढ़ाकर कार्य करें तेज

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के डीआरडीए हॉल में आधार कार्ड से संबंधित क्रीड व अन्य विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आधार कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के लिए आधार किटों की संख्या बढ़ाए। एडीसी ने आधार किट की समीक्षा करते हुए नागरिक संसाधन एवं सूचना अधिकारी मौ. साजिद को निर्देश दिए कि वे ब्लॉक में आधार किट मशीनों को सुचारू रूप से चलवाने का कार्य शीघ्र करें। इसके अलावा उन्होंने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, क्रीड आधार कार्य को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए गए।

### एक नवंबर को भिवानी में गूंजेगा खाटू नरेश का नाम

**भिवानी।** छोटी काशी भिवानी में एक नवंबर शनिवार को भव्य श्रीश्याम जन्मोत्सव होगा। भिवानी शहर में पहली बार ये आयोजन रामनगर कॉलोनी स्थित पंजाबी कम्युनिटी सेंटर में बड़ी श्रद्धा, उत्साह व जोश के साथ मनाया जाएगा। आयोजन की संपूर्ण तैयारियां हारे का सहारा फाउंडेशन द्वारा की जा रही हैं। यह जानकारी देते हुए पार्षद मनीष गुरेजा ने बताया कि श्रीश्याम जन्मोत्सव की शुरुआत एक नवंबर को सांय 4 बजे होगी जो कि प्रभु इच्छा तक चलेगा। उस दौरान पूरा परिसर श्रीश्याम नाम के जयकारों से गूंज उठेगा। उन्होंने बताया कि सांय 4 बजे से गुणगान तथा रात 9 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान की समीक्षा बैठक में डीसी ने दिए निर्देश

# कूड़ा डालने वालों के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान

**शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों से की प्रशासन का सहयोग देने की अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने 24 अगस्त को शुरू हुए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 की विस्तार से समीक्षा। उन्होंने शहर के विभिन्न वार्डों की सफाई व निगरानी के लिए सौंपे गए संबंधित नोडल अधिकारियों से सफाई व्यवस्था और अन्य समस्याओं के समाधान की रिपोर्ट तलब की। इसके साथ ही डीसी ने निर्देश दिए कि जगह-जगह कूड़ा डालने वालों के खिलाफ चालान काटने का अभियान शुरू किया जाए। शहर को स्वच्छ बनाने में नागरिकों का सहयोग जरूरी है।

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान की समीक्षा करते हुए डीसी ने शहर के सभी 31 वार्डों में सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था और सीवरेज व्यवस्था आदि की मौजूदा स्थिति के बारे में संबंधित नोडल अधिकारियों से पीपीटी के माध्यम से फोटोग्राफ सहित विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने



अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस अभियान के तहत वार्डों में किए जा रहे हैं कार्यों के बारे में वहां के नागरिकों से बातचीत करें और वार्ड तथा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में राय लें।

डीसी ने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को जगह-जगह कूड़ा न डालने के लिए समझाया जाए, यदि फिर भी कोई जगह-जगह कूड़ा डालता है तो उनके खिलाफ चालान काटा जाए। डीसी ने बिजली निगम को निर्देश दिए कि शहर में पोलों पर बिजली के तारों को दुरुस्त करें।

### होटलों में समारोह के बाद कचरा डालने पर होंगे चालान

डीसी श्री गुप्ता ने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि कचरा प्रबंधन के चलते होटल या बैंकेट हॉल में कचरे का निस्तारण उनके परिसर के अंदर ही करना होता है लेकिन ऐसे बैंकेट हॉल और होटल हैं, जो अपने कचरे को बाहर डालते हैं। ऐसे बैंकेट हाल और होटल संचालकों के चालान काटे जाएं। उन्होंने कहा कि शहर में कचरा फैलाने की किसी को इजाजत नहीं है।

### तालाबों में पानी की क्षमता बढ़ाई जाए

डीसी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए की अबकी बार अत्यधिक बारिश होने से लगभग सभी तालाब और ओवरफ्लो हो गए थे। ऐसे में तालाबों की क्षमता को बढ़ाया जाए ताकि भविष्य में अत्यधिक बारिश होने से तालाबों के ओवरफ्लो होने की स्थिति ना बने और बारिश का पानी और में जमा हो सके।

### बैठक में दी रिपोर्ट

समीक्षा बैठक में डीएमसी गुलजार मलिक ने विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 25 नवंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें शहरी क्षेत्र में स्वच्छता की गतिविधियां जारी रहेंगी। उन्होंने बताया कि शहर में 12 ऐसे स्थान थे, जहां पर अक्सर लोगों द्वारा कचरा डाला जाता था, लेकिन उनमें से 11 स्थान का सौंदर्यीकरण कर आकर्षक किया गया है, जहां पर फिलहाल कचरा नहीं डाला जा रहा। यदि कोई कचरा डाल भी देता है तो वहां से तुरंत उठवा लिया जाता है। समीक्षा बैठक में एसडीएम महेश कुमार, सीटीएम अनिल कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता सुरेंद्र देशवाल, जीएम रोडवेज दीपक कुंडू, बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता संजय रंगा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ सुनील श्योराण, मार्केट कमेटी के कार्यकारी अभियंता अजय राठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बेसहारा गायों को दिया जाए गौशालाओं में आसरा

डीसी ने समीक्षा के दौरान शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सभी गौशालाओं में गायों को रखने की वास्तविक क्षमता और फिलहाल की स्थिति का पता किया जाए। सडकों पर घूम रहे हैं गोवंश को गौशालाओं और नन्दी शालाओं में भेजा जाए ताकि बेसहारा पशु सडक हादसों का कारण ना बने और उनको सही आसरा मिल सके।

## राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में भिवानी ने लहराया परचम

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भिवानी के योगियों का शानदार प्रदर्शन**




**भिवानी।** पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते खेलप्रेमी।

- खिलाडियों ने कुल चार पदक अपने नाम किए, जिनमें 1 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

फरीदाबाद में 26 और 27 अक्तूबर को आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में भिवानी जिला के खिलाडि़यों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला का नाम पूरे हरियाणा में रोशन किया। खिलाडि़यों ने कुल चार पदक अपने नाम किए, जिनमें 1 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए ज्वाईंट सेक्रेटरी और टीम मैनेजर योगी निहाल सिंह ने बताया कि गांव कुंगड़ की तनीशा ने 10 से 12 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। वहीं 14 से 16 आयु वर्ग में जतिन ने स्वर्ण पदक और रोनित ने रजत पदक अपने नाम किया।

### खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

इसके अलावा स्वपन धारा ध्यान मंदिर एकेडमी के खिलाड़ी जतिन वर्मा ने 16 से 18 आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। प्रतियोगिता में जिले की टीम का नेतृत्व कर रहे जिला ज्वाईंट सेक्रेटरी और टीम मैनेजर योगी निहाल सिंह ने बताया कि भिवानी के खिलाड़ी हर बार की तरह इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए योग क्षेत्र में जिले की श्रेष्ठता को सिद्ध कर रहे हैं। यह सभी खिलाडियों के कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भिवानी ने एक बार फिर साबित किया है कि योग की धरती पर प्रतिभा और समर्पण की कोई कमी नहीं है। जिले के योग प्रशिक्षक बंटी मेघवाल, विक्रम कांगड़ा, अंकित, चेतना शर्मा और डा. सरिता ने अपने अनुभव और समर्पण से नई पीढ़ी को योग की दिशा में प्रेरित कर रहे हैं।

## मेरे श्रीश्याम के जन्मदिन पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

- भक्ति, संगीत एवं भंडारे के संगम से श्रीश्याममय हुआ लोहड़ चौपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कृपा सांवरे की परिवार भिवानी द्वारा आयोजित मेरे श्रीश्याम का जन्मदिन धार्मिक समारोह श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत संगम के रूप में संपन्न हुआ। लोहड़ चौपटा परिसर में आयोजित आयोजन में क्षेत्रभर से भारी संख्या में श्याम प्रेमी पहुंचे और देर रात तक श्याम नाम की महिमा में डूबे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शाम सवा 6 बजे श्रीश्याम की आरती और द्वीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके पश्चात मंच से भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को श्याममय बना दिया। प्रसिद्ध भजन गायक आयुष सोमानी, गौरव दत्त, गौरव अग्रवाल और निखिल अग्रवाल ने एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ले चलो खाटू के धाम, श्याम तेरे लाखों दीवाने जैसे भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। कृपा सांवरे की परिवार भिवानी के प्रधान मनीष गोयल ने बताया कि यह आयोजन बाबा श्याम के प्रति प्रेम और भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्याम प्रेमियों की सेवा और संगत ही हमारा परम सौभाग्य है। हर साल इस आयोजन को और भी भव्य बनाने का प्रयास रहेगा। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक फूलों और लाइटिंग से सजाया गया था।



**भिवानी।** लोहड़ चौपटा में श्रीश्याम बाबा के जन्मदिन कार्यक्रम में उमड़ी भीड़।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मनीष गोयल, वेदप्रकाश, राजू अग्रवाल, आदित्य मित्तल, तरुण जसूजा, विनोद गोयल, आशीष, गणेश गोयल, विकास, संदीप, मनीष, तरुण सनेजा, मुकेश, गौरव अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, राजीव तोमर, जितेंद्र, योगेश शर्मा, राकेश आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांगों की विशेष सुविधा बढ़ाए आत्मविश्वास

- भक्ति, संगीत एवं भंडारे के संगम से श्रीश्याममय हुआ लोहड़ चौपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

राजकीय वरिष्ठ मॉडल संस्कृति माध्यमिक विद्यालय बहल में 27 व 28 अगस्त को दो दिवसीय समावेशी शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं समापन खण्ड शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य, खण्ड संसाधन समावेशी शिक्षा, कृष्णकुमार यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के अभिभावक, एसएमसी सदस्य, विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए।मास्टर ट्रेनर प्रवक्ता अनिल कुमार ने दिव्यांग बच्चों के समावेशन, सहायक उपकरणों के उपयोग, समावेशी कक्षा व्यवस्था में सामान्य शिक्षकों की भूमिका तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में मास्टर ट्रेनर प्रवक्ता सविन्द्र कुमार ने दिव्यांग छात्रों के पुनर्वास पेशेवर की भूमिका, व्यावसायिक शिक्षा के अवसरों, तथा राज्य व केंद्रीय योजनाओं की जानकारी सांझा की। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में दिव्यांग छात्रों को दी जाने वाली विशेष सुविधाएं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक हैं।




**बहल।** कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### ये रहे मौजूद


शिविर में संसाधन अध्यापक मधाराम, एसएमसी सदस्य मनीष कुमार सुबे सिंह विधनोई, करण सिंह गोकुलपुरा, राकेश बहल, अनिल गोकलपुरा, बलबीर गोकलपुरा, नरेन्द्र सुरपुरा खुर्द, राकेश विधनोई, सुनिल पातवान, भारती, नीशा, सन्जु, किशोर कुमार, सोमबीर नूनसर, ममता ओबरा, रोशनी नूनसर, रामअवतार सलेमपुर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## आदर्श कांवेंट स्कूल कैरु में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

- सीबीएसई के निर्देशानुसार प्रत्येक अध्यापक-अध्यापिका को 50 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

आदर्श कॉन्वेंट स्कूल कैरू के सभागार में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें कला समेकीकरण के माध्यम से शिक्षण अधिगम कार्य को उत्कृष्ट एवं रोचक बनाने की कला संबंधित आंतरिक शिक्षक प्रशिक्षण दिया गया। सीबीएसई के निर्देशानुसार प्रत्येक अध्यापक-अध्यापिका को 50 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में से 25 घंटे सीबीएसई द्वारा आयोजित क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण तथा 25 घंटे का आंतरिक प्रशिक्षण शामिल है।



**तोशाम।** प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक।

### शिक्षा के महत्व पर भी विशेष प्रकाश डाला

प्रशिक्षण इसलिए आवश्यक है ताकि अध्यापक-अध्यापिकाएं नई शिक्षा नीति के अनुसार वर्तमान समये की आवश्यकता के मद्देनजर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु बेहतर कार्य कर सकें। इस कार्यशाला के दौरान प्रयोगात्मक शिक्षा के महत्व पर भी विशेष प्रकाश डाला, जिसमें 53 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सिवानी खंड से पधारीं प्रिया बंगा का विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डॉ. सुब्बु लक्ष्मी व समस्त स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। प्रशिक्षण-कार्यक्रम में रिसोर्स-पर्सन के तौर पर विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों द्वारा शैक्षिक कार्य को रोचक बनाने हेतु प्रेरित किया। इस प्रशिक्षण को लेकर चेयरमैन आर के बंगालिया ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन सीबीएसई द्वारा लिया गया एक अत्यंत ही सराहनीय कदम है।



**बाढ़ड़ा।** हड़ौदी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते अतिथि।

### हड़ौदी राजकीय विद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**बाढ़ड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हडोढी में लीगल लिटरेसी सेल के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कासनी ने की। इस अवसर पर अधिवक्ता रेनू सांगवान ने विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम, नशा एवं साइबर अपराध जैसे गंभीर विषयों पर सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को बताया गया कि कानून सभी को समान अधिकार देता है और हर व्यक्ति को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सुनीता कासनी ने लीगल लिटरेसी सेल की टीम का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों से इस ज्ञान को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ सहित विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। इस दौरान समाजसेवी दगवीर चांदनी आदि मौजूद रहें।

## बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए जुटाएं बेहतर संसाधन: उपायुक्त

- गतिविधियां बच्चों की भलाई व उज्जवल भविष्य के लिए होती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण परिषद की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने नवनियुक्त बाल कल्याण समिति के सदस्यों के साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद की गतिविधियां बच्चों की भलाई व उज्जवल भविष्य के लिए होती हैं। इनके लिए अधिक से अधिक संसाधन होने जरूरी हैं।



**चरखी दादरी।** जिला बाल कल्याण परिषद की बैठक लेते उपायुक्त।

### समय पर केसों का निपटान करने के दिए निर्देश

उपायुक्त ने बाल कल्याण समिति द्वारा केसों की संपूर्ण जानकारी ली तथा समय पर केसों का निपटान करने का निर्देश भी दिए और कहा कि बाल कल्याण समिति व बाल संरक्षण कार्यालय को मिलकर कार्य करते हुए लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने जरूरत है। उन्होंने कोविड 19 के दौरान अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों के साथ भी मुलाकात की और बच्चों को विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ है। उनकी हर संभव मदद करने को प्रयासरत है। जिला बाल कल्याण अधिकारी नीलकमल ने बच्चों की भलाई के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को लेकर उपायुक्त को विस्तार से जानकारी दी।

## जिला प्रशासन गांव खरकड़ी माखवान में कल रात्रि दरबार लगाकर सुनेगा जनसमस्याएं

- उपायुक्त गुप्ता विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सुनेंगे ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सरकार के निर्देशानुसार 29 अक्टूबर को जिला प्रशासन द्वारा तोशाम उपमंडल के गांव खरकड़ी माखवान की मुख्य चौपाल में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत दरबार लगाया जाएगा, जिसमें उपायुक्त साहिल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे। ये जानकारी देते हुए नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि उपायुक्त साहिल गुप्ता 29 अक्टूबर बुधवार शाम को गांव खरकड़ी माखवान स्थित मुख्य चौपाल में ग्रामीणों से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान संवाद करेंगे।

### विभागों की स्टॉलों से मिलेगा योजनाओं का लाभ

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड,चिरायु कार्ड, हैप्पी कार्ड, कृषि विभाग की मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल, राशन कार्ड, मनरेगा, वृद्धावस्था पेंशन, बिजली, पानी, सिंचाई, कृषि, पशुपालन, राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, खेल, कल्याण, समाज कल्याण आदि विभागों द्वारा अलग-अलग हेल्प डेक्स लगाकर अपने-अपने विभाग से संबंधित सेवाएं दी जाएंगी और लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे को शाम तीन गांव खरकड़ी माखवान स्थित मुख्य चौपाल में पहुंचे और अपनी स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक करें।नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाएगी। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### एसडीएम ने ली अधिकारियों व शिक्षण संस्थान संचालकों की बैठक

## शिक्षण संस्थानों के समीप न हो गंदगी: एसडीएम

**एसडीएम बोले, दीवारों का करवाएं सौंदर्यीकरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

उपमंडल अधिकारी द्वारा शहरी स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों और शिक्षण संस्थानों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान को सफल बनाने के लिए युवाओं एवं विद्यार्थियों का अहम योगदान होता है। एसडीएम मनोज कुमार ने कहा कि शहर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के आसपास काफी गंदगी रहती है, ऐसे में संबंधित संस्थाओं के प्रधानाचार्य सुनिश्चित करें कि आसपास कचरा न फैलने दें और दीवारों पर सौंदर्यकरण करवाने के प्रयास भी किए जाएं। उन्होंने एनएसएस एनसीसी एवं छात्र-छात्राओं के माध्यम से स्वच्छता टोली बनाकर शहर में जागरूकता अभियान संबंधी गतिविधियां आयोजन करने के लिए दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में नगर परिषद की ओर से संस्थानों को सुपरवाइजर का नंबर प्रदान करते हुए प्रतिदिन 10 बजे सूखे कचरे का उठान करने व गीले कचरे का पीट बनाकर खाद बनाने पर भी विचार विमर्श हुआ।



**भिवानी।** बैठक में स्वच्छता के निर्देश देते एसडीएम

### साइन बोर्ड लगाने के दिए निर्देश

एसडीएम ने शहर में स्थित स्कूल कॉलेज में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए शौचालयों में प्रतिदिन सफाई एवं उन पर साइन बोर्ड लगाने करने बारे निर्देश दिए गए। नगर परिषद को शहर में बाहर कचरा डालने वालों व शहर में पोस्टर लगाने एवं शहर की सुंदरता को हानि पहुंचाने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी एसडीएम ने दिए। इस अवसर पर नगर परिषद स्वच्छ भारत मिशन इंचार्ज ज्योति शर्मा सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कार्यकारी अभियंता जैन ने किया खंड का दौरा

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता संभव जैन ने जिला के बहल व लोहारू खंड का दौरा कर वहां चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही न बरते और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। उल्लेखनीय है कि गत दिनों डीसी श्री गुप्ता के निर्देशानुसार विकास कार्यों को गति देने के लिए पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता संभव जैन अध्यक्षता में जिला परिषद भवन में विकास कार्यों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकारी अभियंता संभव जैन ने एसडीओ व जेई को निर्देश दिए।

### राष्ट्रपति अवार्डी पूजा बनी फाउंडेशन की उपाध्यक्ष

**भिवानी।** बेटियां देश की शान फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. जितेन्द्र वशिष्ठ ने फाउंडेशन की कार्यकारिणी घोषित की। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन के उपाध्यक्ष पद पर राष्ट्रपति अवॉर्डी पूजा शर्मा, महासचिव अनीता बसोतिया, सचिव सुदेश फोगाट, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर चावला एवं डॉ. निशा, सचिन घुसकानी, सुमनलता, ऊषा शर्मा व महिपाल आर्य को सदस्य बनाया गया है। फाउंडेशन में विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर बबली जाखड़, गजानंद कौशिक, निशा शर्मा, ब्रह्मानंद चिड़िया व मंजीत, सीमा शर्मा, शकुंतला गाबा को नियुक्त किया है।

### मैथ ओलंपियाड बैठक का आयोजन



**बवानीखेड़ा।** डाइट बिरही कलां में जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्रिंसिपल धर्मेंद्र की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी भिवानी डॉ. निर्मला दहिया सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी चरखी दादरी और जिला गणित विशेषज्ञ, मास्टर ट्रेनर और 'डाइट फैकल्टी के सदस्य सुजीता व मोनिका बैठक समन्वयक के तौर पर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दोनों जिलों के 'मास्टर ट्रेनर पूनम, मोनिका, रितु, रेणु और डीएमएस कपिल शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए कि किस प्रकार 'कार्यक्रम को जिला स्तर पर शुरू किया जा सके'।

### प्रविंद्र बने सर्व कर्मचारी संघ बाढ़ड़ा के प्रधान

**बाढ़ड़ा।** सर्व कर्मचारी संघ बाढ़ड़ा का त्रिवार्षिक सम्मेलन कस्बे के ढिगावा रोड स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में आयोजित हुआ। इस दौरान पर्यवेक्षक के तौर पर संघ के जिला प्रधान यशपाल सांगवान, जिला सचिव मास्टर रामपाल, पीडब्ल्यूडी जिला प्रधान सत्यवीर सरोहा आदि मौजूद रहे। बैठक में विभाग व यूनियन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और संगठन के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया।

## व्रतियों ने पति व बच्चों की दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना की

# पूर्वांचलवासियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर खोला उपवास, मांगी मन्नतें

### तोशाम बाइपास स्थित जुई नहर के घाट पर प्रवासियों ने मनाया छठ पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मंगलवार 28 अक्टूबर को छठ पर्व के अंतिम दिन पूर्वांचलवासियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर उपवास खोला और मन्नतें मांगी। प्रवासियों ने जुई नहर में भगवान सूर्यदेव व छठ मईया को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। इसके अलावा कीर्ति नगर, औद्योगिक क्षेत्र सहित अनेक स्थानों पर खाली प्लॉटों में अस्थायी कुंड बनाकर प्रवासियों ने छठ पर्व के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने बच्चों और पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।



**भिवानी।** अस्थायी कुंड बनाकर उगते सूर्य को अर्घ्य देते प्रवासी महिला व पुरुष।

### चार दिवसीय पर्व संपन्न

उल्लेखनीय हैं कि नहाय खाय से शुरू हुआ छठ पर्व 28 अक्टूबर को अंतिम दिन सुबह उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होगा। चार दिन तक चले छठ पूजन के पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य और चौथे एवं अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ और उपवास खोला गया। प्रवासी महिला एवं पुरूषों ने सप्तमी के दिन छठ मईया का पूरी विधि विधान से पूजन किया। छठ पर्व सूर्यदेव की साधना का स्वरूप है। पूर्वांचल के लोगों ने मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूरे परिवार का जीवन प्रकाशमय करने की कामना के साथ उपवास खोला और छठ मईया व सूर्यदेव से हर वर्ष इसी तरह आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की। चार दिवसीय पर्व के अंतिम दिन प्रवासी व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत पूरा किया। पूजा संपन्न होने के बाद व्रतियों ने कच्चे दूध का शरबत पीकर और प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत तोड़ा, जिसे पारण कहा जाता है। इसके साथ ही विधिवत पूजा कर तैयार किया गया प्रसाद आसपड़ोस में वितरण किया।

### त्रिवेणी जोहड़ी पर पूर्वांचल सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया छठ पर्व

**भिवानी।** पूर्वांचल सेवा समिति द्वारा बैंक कॉलोनी स्थित त्रिवेणी जोहड़ी पर छठ पर्व बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर क्षेत्र में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं में छठ पूजन को लेकर खासा उत्साह नजर आया। व्रती महिलाओं ने विधि-विधान के साथ सूर्य देव की आराधना की और पारंपरिक गीतों की गूंज से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम का आयोजन बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में किया। इस अवसर पर बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ के पुत्र अमन सर्राफ और नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शिरकत की। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मदनलाल वैध, सुनील पंवार, डॉ. श्रेयस रंजन, पार्षद अजय व पार्षद प्रतिनिधि कृष्ण, पार्षद कर्मवीर व उनकी धर्मपत्नी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वांचल सेवा समिति के अध्यक्ष सर्वजीत पटेल ने की।

**प्रकृति के प्रति सम्मान व कृतज्ञता का प्रतीक है छठ पर्वः भवानी प्रताप**



## गांव कोंट में स्थापित की बाबा हरनारायण की मूर्ति

### परंपराओं को मजबूत करने का प्रतीक मूर्ति स्थापनाः महाबीर



**भिवानी।** बाबा हरनारायण की मूर्ति स्थापना से पूर्व हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मंगलवार को गांव कोंट में बाबा हर नारायण की मूर्ति स्थापना का भव्य कार्यक्रम पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिससे गांव में आस्था और सामाजिक समरसता का माहौल बन गया। गांव में फेरी लगाकर व महिलाओं ने गीत गाकर माहौल को आस्थामय बनाया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान राजेश जांगड़ा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की, जबकि इंपूरवमेंट ट्रस्ट मार्केट वेलफेयर एसो प्रधान महाबीर जांगड़ा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

#### भंडारे का आयोजन

मूर्ति स्थापना के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। धार्मिक अनुष्ठान की प्रक्रिया पुजारी भारत द्वारा पूरी की गई। उन्होंने पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ हवन किया और बाबा हर नारायण की प्रतिभा को स्थापित करवाया। महाबीर जांगड़ा ने कहा कि बाबा हरनारायण की मूर्ति स्थापना न केवल आस्था का विषय है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक जड़ों और परम्पराओं को मजबूत करने का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इस पावन स्थान की गरिमा बनाए रखें। इस अवसर पर विजयपाल, ओमला, धर्मबीर, जयभगवान, रतना मास्टर, बलजीत, राजेंद्र, इंद्र, तेजराज, कमल, रूपचंद, सुरेंद्र व लालु आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस सेवादल ने धरने को दिया समर्थन

### युवावर्ग को शिक्षा से वंचित करना चाह रही सरकारः सिवाच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में समाज कार्य और पत्रकारिता विभाग की स्नातकोत्तर डिग्री को डिप्लोमा में बदले जाने के विरोध में सीबीएलयू के सामने विद्यार्थी धरना दे रहे हैं। मंगलवार को धरने को जिला कांग्रेस सेवादल ने समर्थन दिया है और उनके संघर्ष में सहभागी बन आंदोलन करने का निर्णय लिया। मंगलवार को धरने पर पहुंचकर कांग्रेस सेवादल के जिला प्रधान विजेन्द्र सिवाच ने कहा कि सीबीएलयू में करीब 10 वर्षो से समाज कार्य और पत्रकारिता विभाग में डिग्री करवाई जा रही थी, लेकिन इस वर्ष दोनों कोर्सो में एडमिशन कम होने से डिग्री को डिप्लोमा तक समेट दिया, जो छात्र विरोधी है। इसके विरोध में विश्वविद्यालय के बाहर विद्यार्थी पिछले 20 दिनों से धरने पर बैठे हैं। सरकार द्वारा शिक्षा का निजीकरण किया जा रहा हैं, जो छात्र विरोधी है। सिवाच ने कहा कि उनकी विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द इन डिप्लोमा को पहले की भांति डिग्री में बदला किया जाए, क्योंकि विद्यार्थियों ने डिग्री के लिए आवेदन किया था न कि डिप्लोमा के लिए।




**भिवानी।** सीबीएलयू में धरने को संबोधित करते कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष विजेंद्र सिवाच।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर यंग ब्रिगेड सेवादल के जिला प्रधान प्रवीण बूरा, सेवादल के शहरी उपप्रधान रवि खन्ना, सुरेंद्र रंगा, अश्वनी खनगवाल, रविंद्र राठी, सुरेंद्र रंगा, मनजीत जताई, कर्ण सिंह गोठड़ा, रविंद्र धनाना, अमित जांगड़ा, नरेंद्र रोहनात, फूलसिंह धनाना, पूर्व पार्षद ईश्वर मान, छात्र नेता सुमित बराड़ व सुखबीर कमांडो आदि मौजूद थे।

### गुजरो की ढाणी में 1 को मनेगा श्रीश्याम जन्मोत्सव

**भिवानी।** श्रीश्याम गौ सेवा आनंद मंडल भिवानी द्वारा श्री श्याम बाबा का भव्य जन्मोत्सव 1 नवम्बर (शनिवार) रात्रि 8 बजे गुजरो की ढाणी, गांव गुजरानी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भक्तों द्वारा भजन संध्या, झांकियां, प्रसादी व दीप सज्जा का आयोजन किया जाएगा। मंडल के प्रधान सुनील चौहान व मुकेश भगत ने बताया कि श्रीश्याम बाबा के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि श्याम भक्त एकता, प्रेम और सेवा भावना के प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि सवामण का श्याम बाबा का केक राजेन्द्र (दिल्ली वाले) की ओर से लगाया जाएगा। इस अवसर पर आसपास के गांवों से भी श्याम प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन करने और प्रसाद ग्रहण करने का आह्वान किया है।

## रक्तदान से दूसरे की जान बचाने के अलावा खुद के मन को मिलती है शांति : डूडेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

रक्तदान सबसे बड़ा दान माना गया है, क्योंकि यह किसी जरूरतमंद मरीज का जीवन बचाता है, बल्कि उस व्यक्ति से जुड़े लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरने का भी काम करता है। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि गांव जीतवनबास निवासी महिला को ओ पॉजीटिव प्लेटलेट्स की आठ यूनिट की जरूरत पड़ने पर परिजनों ने राजेश डुडेजा से संपर्क किया तो उन्होंने टीम के सदस्यों अभिनव अत्री ,राकेश डोहकी, अजय डोहकी, प्रवीण कुमार ,पवन कुमार, सुन्दर सिंह जगदीश सिंह व बाबूलाल को बुलाकर ब्लड डोनेट करवाया।

**महिला के लिए आठ रक्तदाताओं ने किया रक्तदान**




**भिवानी।** रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते राजेश डूडेजा।

#### मानव सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण

*डुडेजा ने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा दान किए गए रक्त से किसी भी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति, गर्भवती महिला व अन्य बीमारी से ग्रस्त रोगी का जीवन बचाया जा सकता है। जो कि मानव सेवा का सबसे उदाहरण है। उन्होंने कहा कि छोटी काशी के लोग रक्तदान के प्रति जागरूक होते रहे है तथा जरूरतमतंद मरीजों का जीवन बचाने की मुहिम में योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। इस अवसर पर लेब टेक्नीशियन सतीश कुमार, अजय कुमार, योगेश जांगड़ा व केशव मौजूद थे।*




**भिवानी।** जागरूकता रैली में शामिल शिक्षक व विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने नशामुक्ति पर निकाली जागरूकता रैली

**लोहारू।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारू के लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा नशामुक्त हरियाणा हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। हरियाणा सरकार के निर्देश अनुसार नशामुक्त हरियाणा बनाने हेतु जागरूकता अभियान रैली ओर शपथ के माध्यम से अभियान चलाया। प्राचार्या पूनम श्योराण के नेतृत्व में लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा नशामुक्त हरियाणा की शपथ ली। प्राचार्या पूनम श्योराण ने संबोधित करते हुए बताया कि नशा बहुत सी बीमारियों का जनक है। नशे से दूर रहना चाहिए। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के तंबाकू के पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। लीगल लिटरेसी प्रभारी राजीव वत्स ने विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि हमे स्वयं भी नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी अभिप्रेरित करना चाहिए कि किसी भी प्रकार का नशा न करे। तंबाकू के सेवन से बहुत सी बीमारियों पैदा हो जाती है । हरियाणा सरकार के निर्देश अनुसार नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प को पूरा करना है। इस अवसर पर प्राचार्या पूनम श्योराण, उमेद सिंह, राजीव वत्स, ईको क्लब जिला नोडल प्रभारी कमल शर्मा, अनिल सैनी, सुरेश कुमार, राजेंद्र सिंह, दिनेश खेतान, नीरज शर्मा, अनिल कटारिया, मुकेश धानिया, सोमबीर शास्त्री आदि उपस्थित थे।

## यश लोधा ने राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में जीते तीन स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बलियाली के दयानंद लोधा के पौत्र एवं कुलदीप लोधा के पुत्र युवा पावरलिफ्टर यश लोधा ने अहमदाबाद स्थित द वर्ल्ड जिम में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सब-जूनियर 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए यश ने बेहतरीन ताकत और समर्पण का प्रदर्शन किया। उन्होंने फुल पावरलिफ्टिंग में कुल 335 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, डेडलिफ्ट में 150 किलोग्राम और बेंच प्रेस में 75 किलोग्राम भार उठाकर भी स्वर्ण पदक हासिल किए। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने पूरे बलियाली गांव का नाम रोशन किया और उन्हें गुजरात राज्य के उभरते हुए युवा पावरलिफ्टर्स में शामिल कर दिया। परिजनों में दादी कृष्णा, दादा दयानंद, जीतू बलियाली, कुलदीप लोधा, नरेश लोधा, कविता, मंजू, पूनम, नैन्सी, हीना, शुभम, ट्विंकल, दक्ष ने खुशी जाहिर की व कोच यशराज सोलंकी वडोदरा का भी आभार जताया।



**बवानीखेड़ा।** खिलाड़ी का स्वागत करते हुए।

## पुलिसकर्मियों ने त्रिवेणी रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लघु सचिवालय परिसर में पुलिसकर्मियों ने एक सराहनीय पहल करते हुए त्रिवेणी बाबा की प्रेरणा से अपने दो साथी हवलदार प्रदीप नेहरा और पर्यावरण प्रेमी पिंकी पुनिया के 35वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में त्रिवेणी रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया है। इस पहल का उद्देश्य जन्मदिन को यादगार बनाने के साथ-साथ समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी था। पुलिस विभाग में कार्यरत हवलदार प्रदीप नेहरा और पर्यावरण प्रेमी पिंकी पुनिया के 35वें जन्मदिन को मनाने के लिए एक सादे लेकिन प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया।

**हवलदार प्रदीप व पर्यावरणप्रेमी पिंकी के 35वें जन्मदिन पर लगाई त्रिवेणी**



**भिवानी।** त्रिवेणी रोपित करते पुलिसकर्मी।

#### त्रिवेणी का होता महत्व

लघु सचिवालय के परिसर में पीपल, बड़ और नीम के तीन पौधों का समूह, जिसे धार्मिक और पर्यावरणीय रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिरीक्षक मनीराम ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य न केवल जन्मदिन को एक सार्थक आयाम देते हैं, बल्कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी याद दिलाते हैं। पर्यावरण प्रेमी हवलदार लोकराम नेहरा ने कहा कि त्रिवेणी को हिंदू धर्म में ब्रह्मा, विष्णु व महेश का वास माना जाता है।

## आत्मनिर्भर भारत बनाने को छात्रों ने पेश किए विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

एचडी स्कूल में देश की अग्रणी कंपनी एक टाटा समूह द्वारा आयोजित 'टाटा बिल्डिंग इंडिया स्कूल निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए अपने विचार कलमबद्ध किए। प्रतियोगिता समन्वयक मंदीप पंघाल ने बताया कि प्रतियोगिता छात्रों में राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करने और सामाजिक मुद्दों पर उनकी सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

निबंधों में छात्रों ने शिक्षा, पर्यावरण, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे क्षेत्रों में अपने योगदान को रेखांकित किया।

छात्रों ने बताया कि वे कैसे डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देकर, कचरा प्रबंधन में मदद करके, और अपने समुदाय में छोटे व्यवसायों का समर्थन करके आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।निदेशक बलराज फौगाट ने छात्रों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि हमें अपने छात्रों पर गर्व है। उनके विचार यह दर्शाते हैं कि देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। यह प्रतियोगिता छात्रों को न केवल एक मंच प्रदान करती है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सोचने के लिए भी प्रेरित करती है।

**एचडी स्कूल बिरोहड़ में टाटा बिल्डिंग इंडिया निबंध प्रतियोगिता का आयोजन**

## चांगरोड गांव में रात्रि ठहराव जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

# ग्रामीणों के घर द्वार पर शिकायतों का हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से चांगरोड गांव में रात्रि ठहराव जनसंवाद कार्यक्रम हुआ, जिसमें उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने एसपी अर्श वर्मा और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की शिकायतें मौके पर जाकर सुनी और समाधान सुनिश्चित किया। गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सैनी द्वारा समाधान शिविर व रात्रि ठहराव जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर में नायब प्रथा की शुरुआत हुई है, जिसका सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि जिला प्रशासन के अधिकारी लोगों के घर द्वार पर जाकर उनकी समस्याएं सुनकर समाधान सुनिश्चित करते हैं। रात्रि ठहराव कार्यक्रम केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सरकार का संकल्प है कि प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंचे और उसकी समस्याओं को समझे। उन्होंने कहा कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिनका स्थानीय स्तर पर समाधान संभव होता है, ऐसे में ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्रामीण विकास में सहभागी बने। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में चांगरोड के अलावा आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने सड़क, जल निकासी, फसल बीमा, बिजली, आंगनवाड़ी भवन, पशु चिकित्सा केंद्र की स्थिति आदि समस्याओं पर खुलकर चर्चा की। उपायुक्त ने मौके पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर कई समस्याओं का तुरंत समाधान करवाया। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत मांगपत्र पर उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।



**भिवानी।** रात्रि ठहराव में ग्रामीणों की समस्या सुनते उपायुक्त।

#### एक नवंबर से महिलाओं को मिलेंगे 2100 रुपये

डीसी ने कहा कि सरकार की ओर से महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का प्रदेशभर में शुभारंभ कर दिया है, इसी 1 नवंबर से हर महीने 2100 रुपये की वित्तीय सहायता महिलाओं को दी जाएगी। इसके लिए पात्र महिलाएं मोबाइल से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी ऐप से पंजीकरण जरूर करें, ताकि योजना का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में एसडीएम योगेश सैनी, सीईओ जिला परिषद डॉ. विरेन्द्र सिंह, डीडीपीओ रविन्द्र दलाल, बीडीपीओ आदित्य श्योराण, सरपंच मनोज कुमारी आदि मौजूद रहे।

### बॉक्सिंग खेल अकादमी में चयन ट्रायल 31 को

**भिवानी।** जिला भिवानी में बॉक्सिंग खेल की रिहायशी खेल अकादमी में 12 वर्ष से 19 आयुवर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल 31 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे भीम स्टेडियम में लिए जाएंगे। बॉक्सिंग खेल के ट्रायल 15 चयन सूची व 10 प्रतीक्षा सूची खिलाड़ियों के चयन के लिए लिये जाएंगे। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि बॉक्सिंग खेल के इच्छुक खिलाड़ी रिहायशी बॉक्सिंग अकादमी में चयन के लिए ट्रायल देने के लिये 31 अक्टूबर को प्रातः आठ बजे भीम स्टेडियम भिवानी में पहुंचकर ट्रायल में भाग लेना सुनिश्चित करें। बॉक्सिंग खेल के ट्रायल में आने वाले खिलाड़ी अपने साथ जरूरी दस्तावेज लेकर आयोजन स्थल पर पहुंचे, जिनमें जन्म प्रमाण पत्र की मूल व सत्यापित फोटोप्रति, आधार कार्ड की मूल प्रति व सत्यापित फोटोप्रति, रिहायशी प्रमाण पत्र की मूलप्रति व सत्यापित फोटोप्रति, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, खिलाड़ी के शिक्षा संस्थान जिसमें खिलाड़ी पढ़ रहा हो व मूल प्रमाण पत्र /एडमिशन विड्राल की सत्यापित फोटोप्रति शामिल है।